झारखण्ड विधान सभा

अल्प सूचित प्रश्नों की सूची

तृतीय झारखण्ड विधान-सभा

दशम् सत्र

वर्ग-04

निम्नलिखित अल्प-सूचित प्रश्न, वृहस्पतिवार, दिनांक 15 अग्रहायन, 1934 (श0) / 06 दिसम्बर, 2012 (ई0) को

झारखण्ड विधान-सभा के आदेश-पत्र पर अंकित रहेंगे :-

मांक	विभागों को भेजी गई सं0 संख्या	सदस्यों का नाम	संक्षिप्त विषय	संबंधित विभाग	विभागों को भेजी गई तिथि
1.	02.	03.	04.	05.	06.
7.	अ0सू0-20	श्री बन्ना गुप्ता	आँगनबाड़ी भवनों का निर्माण ।	समाज कल्याण	30/11/12
8.	अ0सू0-07	श्रीमती सीता सोरेन	चिकित्सा कर्मी एवं दवा की व्यवस्था ।	स्वा0चि0शिक्षा एवं परि0कल्याण	28/11/12
9.	अ0सू0-15	श्री जय प्रकाश सिंह भोक्ता	डैम का जीर्णोद्धार ।	जल संसाधन	29/11/12
70.	अ0सू0-02	श्री अरूण मण्डल	जनगणना 2011 के अनुरूप राशन कार्ड।	खा0सार्व0वि0 एवं उप0मामले	26/11/12
71.	अ0सू0-10	श्री जनार्दन पासवान	किसानों को मुआवजा।	कृ0 एवं गन्ना विकास	28/11/12
72.	अ0सू0-04	श्रीमती गीताश्री उराँव	रेफरल अस्पताल में समुचित व्यवस्था ।	स्वा0चि0शिक्षा एवं परि0कल्याण	28/11/12
73.	अ0सू0-25	श्री दीपक बिरूआ	पदाधिकारियों के विरूद्ध कार्रवाई ।	आदिवासी कल्याण	30/11/12
74.	अ0सू0-13	श्री चन्द्रिका महथा	दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई ।	समाज कल्याण	29/11/12
75.	अ0सू0-34	श्री निर्भय कुमार शाहाबादी	बी0पी0एल0, ए0पी0एल0 कार्डधारियों को खाद्य सामग्री किरासन की आपूर्ति ।	खा0सार्व0वि0 एवं उप0मामले	30/11/12

कृ0पृ0उ0

76.	अ0सू0-12	श्री अमित कु0 यादव	एँटी रेबीज भैक्सीन उपलब्ध कराना ।	स्वा0चि0शि0 एवं परि0 क0	28/11/12
77.	अ0सू0-35	श्री रामदास सोरेन	बकाया राशि की वसूली ।	सहकारिता	30/11/12
78.	अ0सू0-21	श्री साईमन मराण्डी	डॉक्टर एवं दवा उपलब्ध कराना ।	स्वा0चि0शि0	30/11/12
79.	अ0सू0-31	श्री प्रदीप यादव	बाजार शुल्क नहीं लेने पर पुनर्विचार ।	कृ0 एवं गन्ना विकास	30/11/12
80.	अ0सू0-19	श्री बन्ना गुप्ता	आवश्यकतानुसार विद्युत आपूर्ति ।	ऊर्जा विभाग	30/11/12
81.	अ0सू0-33	श्री विदेश सिंह	क्षतिग्रस्त नहरों की मरम्मती ।	जल संसाधन	30/11/12
82.	अ0सू0-22	श्री साईमन मराण्डी	पदाधिकारियों पर कार्रवाई ।	ऊर्जा विभाग	30/11/12
83.	अ0सू0-06	श्रीमती अन्नपूर्णा देवी	विद्युत संयोजन ऊर्जान्वयन।	ऊर्जा	28/11/12
84.	अ0सू0-30	श्री दुलू महतो	मासिक मानदेय का भुगतान ।	कृषि एवं गन्ना विकास	30/11/12
85.	अ0सू0-14	श्री चन्द्रिका महथा	नया ट्रांसफार्मर लगाना।	ऊर्जा	29/11/12
86.	अ0सू0-11	श्रीमती अन्नपूर्णा देवी	पदाधिकारियों पर कार्रवाई ।	जल संसाधन	28/11/12
87.	अ0सू0-01	श्री बन्धु तिर्की	दोषी पदाधिकारियों पर कार्रवाई ।	कृषि एवं गन्ना	26/11/12
88.	अ0सू0-23	श्री मिस्त्री सोरेन	आदिवासी छात्रावास का निर्माण ।	आदिवासी कल्याण	30/11/12
89.	अ0सू0-27	श्री अरविन्द कु0 सिंह	विद्युत सब-स्टेशन का निर्माण ।	ऊर्जा विभाग	30/11/12
90.	अ0सू0-26	श्री समरेश सिंह	गाँवों का विद्युतीकरण ।	ऊर्जा विभाग	30/11/12
91.	अ0सू0-36	श्री निर्भय कु0 शाहाबादी	चिकित्सा कर्मियों को नियमित करना ।	स्वा0चि0शि0 एवं परि0क0	01/12/12
92.	अ0सू0-16	श्री जय प्रकाश सिंह भोक्ता	भवन निर्माण कार्य की जाँच ।	समाज कल्याण	29/11/12
93.	अ0सू0-17	श्री कमल किशोर भगत	वृहद शीतगृह की स्थापना ।	कृ0 एवं गन्ना विकास	29/11/12
94.	अ0सू0-03	श्रीमती कुन्ती देवी	सब-स्टेशन का निर्माण।	ऊर्जा	28/11/12
95.	अ0सू0-05	श्री संजय कु0 सिंह यादव	गोदाम का निर्माण ।	खा0सा0वि0 उपभोक्ता मामले	29/11/12
96.	अ0सू0-32	श्री विदेश सिंह	स्वा0 केन्द्र भवन आवास निर्माण ।	स्वा0चि0शि0 एवं परि0कल्याण	30/11/12
97.	अ0सू0-24	श्री सत्येन्द्र नाथ	सरना स्थल ~~अहस नहर~~	आदिवासी	30/11/12

98.	अ0सू0-29	श्री संजय प्र0 यादव	कोल्ड स्टोरेज का निर्माण ।	खा0सार्व0वि0 एवं उप0मा0मा0	30/11/12
99.	अ0सू0-09	श्री विष्णु प्र0 भैया	दूध फिल्ट्रेशन प्लांट की स्थापना ।	कृषि एवं गन्ना विकास	28/11/12
100.	अ0सू0-08	श्री दुलू महतो	ग्रामीण दर से बिजली बिल लिया जाना ।	उर्जा विभाग	28/11/12
101.	अ0सू0-28	श्री संजय प्र0 यादव	स्वास्थ्य केन्द्र का रेफरल अस्पताल में उत्क्रमण ।	स्वा0चि0शि0 एवं परि0क0	30/11/12
102.	अ0सू0-18	श्री हरिकृष्ण सिंह	विद्युत फीडर का निर्माण।	उर्जा	29/11/12

राँची

दिनांक- 06 दिसम्बर, 2012 {ई0}

समरेन्द्र कुमार पाण्डेय
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान- सभा, राँची ।

ज्ञाप संख्या- प्रश्न वर्ग-04 3507 /वि0स0, राँची, दिनांक- 03/12/12

प्रतिलिपि:- झारखण्ड विधान-सभा के माननीय सदस्यगण/मुख्यमंत्री/उप मुख्यमंत्रिगण/मंत्रिगण/ संसदीय कार्य मंत्री/मुख्य सचिव तथा राज्यपाल के प्रधान सचिव/लोकायुक्त के आप्त सचिव एवं झारखण्ड सरकार के सभी विभागों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

3/12/2012

{रविशंकर पाण्डेय}
अवर सचिव,
झारखण्ड विधान-सभा, राँची ।

ज्ञाप संख्या-प्रश्न वर्ग-04- 3507 /वि0स0, राँची, दिनांक- 03/12/12

प्रतिलिपि:- अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव/सचिवीय कार्यालय/उप सचिव {प्रश्न} झारखण्ड विधान-सभा को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव महोदय के सूचनार्थ प्रेषित ।

3/12/2012

अवर सचिव,
झारखण्ड विधान-सभा, राँची ।

3507
03/12

JMT/

श्री बन्ना गुप्ता, माननीय स0वि0स0 द्वारा दिनांक–06.12.2012 को पूछा जानेवाला अल्पसूचित प्रश्न सं० – 20 का

प्रश्नोत्तर

क्रम	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि 13वें वित्त आयोग की अनुशंसा के आलोक में वित्तीय वर्ष 2012–13 के लिए 53,97,26,400 रुपये जनजातिय क्षेत्रीय उपयोजना और इतनी ही राशि अन्य क्षेत्रीय उप योजना के अन्तर्गत जारी की गयी है	उत्तर स्वीकारात्मक है। इस संबंध में विभागीय स्वीकृत्यादेश एंव आवंटनादेश सं–138 एवं 139 दिनांक– 01.12.2012 द्वारा वित्तीय वर्ष 2012–13 के लिए 53,97,26,400 रुपये जनजातीय क्षेत्रीय उपयोजना और इतनी ही राशि अन्य क्षेत्रीय उप योजना के अन्तर्गत स्वीकृति प्रदान करते हुए राशि संबंधित जिलों को आवंटित की गयी है।
2	क्या यह बात सही है कि समाज कल्याण विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण पर प्रति ईकाई 5 लाख 32 हजार 800 रुपये खर्च किए जाने के और पूर्वी सिंहभूम में 110 अगंनबाड़ी भवनों का निर्माण होना है	उत्तर स्वीकारात्मक है। आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण हेतु प्रति इकाई 5 लाख 32 हजार 800 रुपये का प्राक्कलन निर्धारित की गयी है। इस प्राक्कलन के आधार पर पूर्वी सिंहभूम में 110 आंगनबाड़ी केन्द्र भवन के निर्माण की स्वीकृति दी गयी है।
3	उपरोक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार आंगनबाड़ी भवन के निर्माण का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नही तो क्यो	उपरोक्त खण्डों में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है।

झारखण्ड सरकार
समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग

झारखण्ड मंत्रालय, प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, राँची – 834 004

ज्ञापांक – स० क०/वि0स0 अ0सु0 प्र0 – 361/2012– 1995 राँची, दिनांक 04.12.2012

प्रतिलिपि :–अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची को उनके ज्ञाप सं०–3486 वि० स० दिनांक – 30.11.2012 के आलोक में 200 प्रतियों में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

04/12/12

(कंचन अंजली मुण्डू)
सरकार के उप सचिव

(68)

श्रीमती सीता सोरेन, स० वि० स०, झारखण्ड विधान सभा द्वारा दिनांक 06.12.2012 को पूछा जाने वाला अल्प सूचित प्रश्न संख्या–सं–07 के संबंध में।

क्रं०	प्रश्नकर्त्ता– श्रीमती सीता सोरेन, स० वि० स० सं0	उत्तरदाता– श्री हेमलाल मुर्मू मंत्री स्वा० चि० शि० एवं प० क० विभाग
1	क्या यह बात सही है कि दुमका जिले के रामगढ तथा जामा प्रखण्ड में स्थानीय जनता के स्वास्थ्य सेवा के लिए रेफरल अस्पताल का निर्माण कराया गया है।	अस्वीकारात्मक। रामगढ में रेफरल अस्पताल का निर्माण कराया गया था जो पूर्णतः जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है जिसमें अस्पताल चलाने की स्थिति नहीं है। जामा प्रखण्ड में रेफरल अस्पताल नहीं है।
2	क्या यह बात सही है कि रेफरल अस्पताल के अनुरूप चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी पदस्थापित नहीं है तथा दवाओं की भी भारी मात्रा में कमी है, जिससे स्थानीय जनता को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है।	अंशिक रूप से स्वीकारात्मक। रेफरल अस्पताल, रामगढ़ का संचालन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामगढ़ में होता है। दवा उपलब्ध है। चिकित्सक एवं कर्मी रेफरल अस्पताल के अनुरूप पदस्थापित नहीं है परन्तु स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध है।
3	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार अस्पताल के अनुरूप चिकित्सक, चिकित्सा कर्मी एवं आवश्यक दवा की व्यवस्था करने का विचार रखती है, हॉ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?	स्थिति उपर स्पष्ट कर दी गई है।

झारखंड सरकार
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

ज्ञाप सं० : 3/वि०स०–03–46/12 672(3) राँची, दिनांक–5/12/12

प्रतिलिपि : अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, झारखण्ड, राँची को उनके ज्ञाप संख्या प्र० 3351 दिनांक 28.11.12 के क्रम में सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5/12/2012

सरकार के उप सचिव

(69)

माननीय स०वि०स०, श्री जय प्रकाश सिंह भोक्ता द्वारा दिनांक 06.12.2012 को पूछा जाने वाला अल्पसूचित प्रश्न संख्या–15 का उत्तर प्रतिवेदन

क्र०	प्रश्न	उत्तर
1.	क्या यह बात सही है कि चतरा जिला के प्रखण्ड ईटखोरी में बक्शा और प्रखण्ड मयूरहंड में अंजनवा डैम है।	स्वीकारात्मक है।
2.	क्या यह बात सही है कि चतरा जिला के अन्तर्गत उक्त दोनों डैम ही सिंचाई का एकमात्र साधन है, जो जर्जर अवस्था में है ?	आंशिक रूप से स्वीकारात्मक है। अंजनवा जलाशय योजना योजना से वर्ष 2012 में आंशिक रूप से सिंचाई उपलब्ध करायी गयी है।
3.	यदि उपर्युक्त खंडों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जनहित में उक्त दोनों डैमों के जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	बक्शा जलाशय योजना एवं अंजनवा जलाशय योजना के पुनर्स्थापन कार्य हेतु DPR तैयार किया जा रहा है।

झारखण्ड सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक संख्या– 6/ज०सं०वि०–10–44/2012– 3937 **राँची, दिनांक** 5/12/12

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची के ज्ञापांक–3428 दिनांक 29.11.2012 के क्रम में 200– प्रतियों में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, हजारीबाग/मुख्य अभियंता, योजना, मोनिटरिंग एवं आयोजन, जल संसाधन विभाग, राँची/प्रशाखा पदाधिकारी– 6 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

05/12/12

सरकार के संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)
जल संसाधन विभाग, राँची।

C:\sam\Node 5\vidhan Sabha\Dec 12\hazaribagh\AS-15_06.12.12.doc

70

झारखण्ड सरकार

खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग

दिनांक 06.12.2012 को पूछा जाने वाला अल्प सूचित प्रश्न संख्या–अ०सू०– 02 का उत्तर।

प्रश्नकर्त्ता
श्री अरूण मंडल,
स०वि०स०

उत्तरदाता
श्री मथुरा प्रसाद महतो
मंत्री, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड।

प्रश्न	उत्तर
(1) क्या यह बात सही है कि साहेबगंज जिला में जनगणना 1991 के अनुरूप जन वितरण प्रणाली तदनुरूप खाद्यान्न, किरासन तेल का आवंटन दिया जा रहा है, जबकि जनगणना 1991 की तुलना में वर्ष 2012 मे जनगणना में काफी वृद्धि हुई है।	(1) भारत सरकार द्वारा राज्य को 2001 की जनगणना में पाये गये हाउसहोल्ड की संख्या, जो 47,99,081 थी, के आधार पर किरासन तेल का आवंटन दिया जाता है। तदनुसार राज्य सरकार द्वारा साहेबगंज जिला में वर्ष 2001 की जनगणना में चिन्हित 1,73,104 हाउसहोल्ड की संख्या के लिए किरासन तेल का आवंटन दिया जाता है। विभाग द्वारा खाद्यान्न वितरण योजनाएँ जनगणना के आधार पर नहीं लागू की जाती हैं, बल्कि ये योजनाएँ भारत सरकार द्वारा लक्षित जन वितरण प्रणाली के अन्तर्गत निर्धारित परिवारों की संख्या एवं राज्य में बी०पी०एल० परिवारों की संख्या के आधार पर लागू की जाती हैं। भारत सरकार द्वारा लक्षित जन वितरण प्रणाली के अन्तर्गत राज्य के 23.94 लाख बी०पी०एल० परिवारों एवं 19,62,000 ए०पी०एल० परिवारों के लिए ही खाद्यान्न का आवंटन किया जाता है। ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड, द्वारा वर्ष 2010 में ग्रामीण क्षेत्रों में बी०पी0एल० परिवारों का पुर्नसर्वेक्षण किया गया, जिसके आधार पर राज्य सरकार द्वारा उक्त लक्षित परिवारों के अतिरिक्त 11,44,860 अतिरिक्त बी०पी0एल० परिवारों को भी खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है।
(2) क्या यह बात सही है कि जिला में जनगणना 2011 अनुरूप राशन कार्ड अभी तक मुहैया नहीं कराया जा रहा है।	(2) राज्य सरकार द्वारा राज्य में सभी परिवारों को नये राशन कार्ड उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्ष 2011–12 के दौरान विशेष अभियान चला कर आवेदन प्राप्त किये गये हैं। इन आवेदनों का अंकीकरण (Digitization) किया जा रहा है एवं नये राशन कार्ड, जो बारकोडेड एवं फोटोयुक्त हैं, का वितरण शीघ्र किया जायेगा।
(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार साहेबगंज जिला में जनगणना 2011 के अनुरूप राशन कार्ड, तदनुरूप खाद्यान्न एवं किरासन तेल का आवंटन उपलब्ध करा कर आपूर्ति करने का विचार रखती है यदि हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों ?	(3) उपरोक्त उत्तर (1) एवं (2) में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है।

ज्ञापांक :– प्र0–1/वि0स0/90/2012 3743 /राँची, दिनांक 4.12.2012

प्रतिलिपि – अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा के कार्यालय ज्ञापांक 3282, वि0स0, दिनांक 26.11.2012 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के उप सचिव।

D:\Drive - F\vikash kumar 2012-13\Bidhan Sabha 2012-13\New Microsoft Word Document.doc11

श्री जनार्दन पासवान, माननीय सदस्य, झारखंड विधान सभा द्वारा दिनांक 06.12.12 को झारखंड विधान सभा में पूछे जानेवाला अल्प-सूचित प्रश्न संख्या-10 का प्रश्नोत्तर।

उत्तरदाता- माननीय मंत्री, कृषि एवं गन्ना विकास विभाग, झारखंड, रांची।

क्या मंत्री कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-		
क्र. सं.	प्रश्न	प्रश्नोत्तर
1	क्या यह बात सही है कि चतरा जिला में बीज उत्पादन केन्द्रों के द्वारा मानक के अनुरूप किसानों को बीज नहीं देने के कारण धान के बीज में बाली नहीं निकल पाई?	अस्वीकारात्मक है। बीज उत्पादन केन्द्रों के द्वारा उपलब्ध कराये गये बीज मानक था। मानसून विलम्ब से आने के कारण धान की रोपाई विलम्ब से की गई। तापमान में अचानक कमी आने से बाली आने में कठिनाई हुआ।
2	क्या यह बात सही है कि चतरा जिले के ग्राम बधार, गुरिया, सिदकी, विरमातकुम, खढ़ा सभी प्रतापपुर प्रखण्ड के किसानों का धान की फसल बर्वाद हो गई है?	जिले के प्रतापपुर प्रखण्ड, ग्राम-बधार, विरमातकुम, सिदकी, गुरिया, खढ़ा आदि गाँवों में धान के बाली आने के बाद क्लाईडिंग कट वर्म कीट का प्रकोप हुआ था।
3	यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार जाँच कराकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा देना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों?	फसल जाँच कटनी प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत क्षति का आकलन होने के पश्चात् अग्रतर कार्रवाई होगा।

झारखंड सरकार

कृषि एवं गन्ना विकास विभाग

ज्ञापांक :1/कृ0राज0वि0सभा-92/2012....... 3502 रांची, दिनांक : 04-12-12

प्रतिलिपि : अवर सचिव, झारखंड विधान सभा को उनके ज्ञापांक 3480वि0स0 दिनांक-30.11.12 के प्रसंग में प्रश्नोत्तर की 200 (दो सौ) प्रति के साथ आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4.12.12

(सुलसे बखला)
निदेशक (प्रशासन) कृषि-
सह-संयुक्त सचिव

ज्ञापांक :1/कृ0राज0वि0सभा-92/2012....... 3502 रांची, दिनांक : 04-12-12

प्रतिलिपि : प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग, झारखंड, रांची/मुख्यमंत्री सचिवालय, झारखंड, रांची/मुख्य सचिव कोषांग, झारखंड, रांची/विभागीय माननीय मंत्री, कृषि के आप्त सचिव/सचिव के आप्त सचिव/समन्वय शाखा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4.12.12

(सुलसे बखला)
निदेशक (प्रशासन) कृषि-
सह-संयुक्त सचिव

(72)

श्रीमती गीताश्री उराँव, स० वि० स०, झारखण्ड विधान सभा द्वारा दिनांक 06.12.2012 को पूछा जाने वाला अल्प सूचित प्रश्न संख्या–सं–04 के संबंध में।

क्र०	प्रश्नकर्त्ता– श्रीमती गीताश्री उराँव, स० वि० स० सं0	उत्तरदाता– श्री हेमलाल मुर्मू मंत्री स्वा० चि० शि० एवं प० क० विभाग
1	क्या यह बात सही है कि गुमला जिला के सिसई प्रखण्ड तथा बसिया प्रखण्ड के रेफरल अस्पताल में पूर्व से ही चिकित्सकों तथा दवाईयों की कमी रही है।	अस्वीकारात्मक। रेफरल अस्पताल, सिसई में वर्तमान में एक इमोक प्रशिक्षित महिला चिकित्सा पदाधिकारी, एक सर्जन एवं एक महिला चिकित्सा पदाधिकारी पदस्थापित है। इसके साथ एक LSAS प्रशिक्षित चिकित्सा पदाधिकारी प्रतिनियुक्त है। रेफरल अस्पताल बसिया में एक स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं (अनुबंध पर) एक दन्त चिकित्सक पदस्थापित है। साथ ही एक इमोक प्रशिक्षित महिला चिकित्सा पदाधिकारी एवं LSAS प्रशिक्षित एक चिकित्सा पदाधिकारी प्रतिनियुक्त है।
2	क्या यह बात सही है कि उक्त अस्पतालों में फिजिशियन, शिशु रोग विशेष, स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन की प्रतिनियुक्ति नहीं की गई है।	आंशिक रूप से स्वीकारात्मक। स्थिति उपर स्पष्ट कर दी गई है।
3	क्या यह बात सही है कि बसिया रेफरल अस्पताल में रोगियों के लिए भोजन की व्यवस्था नहीं की गई है।	विभागीय पत्रांक–34 (7) ब दिनांक–09.06.12 द्वारा रेफरल अस्पताल बसिया में मरीजो के भोजन हेतु 20,000/–रू0 आवंटित किया गया है। सिविल सर्जन, गुमला को निदेश दिया गया है कि मरीजो को उपलब्ध आवंटन से भोजन उपलब्ध कराया जाय।
4	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार सिसई रेफरल अस्पताल तथा बसिया रेफरल अस्पताल में चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति, रोगियों के लिए दवाईयों तथा भोजन की व्यवस्था कराने का विचार रखती है, यदि हॉं, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?	उपर्युक्त खण्डों में स्थिति स्पष्ट की गई है।

झारखंड सरकार

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

ज्ञाप सं० : 3/वि०स०–03–47/12 673(3) राँची, दिनांक– 5/12/12

प्रतिलिपि : अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, झारखण्ड, राँची को उनके ज्ञाप संख्या प्र० 3353 दिनांक 28.11.12 के क्रम में सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

5/12/2012

सरकार के उप सचिव

(73)

श्री दीपक बिरूआ, स0 वि0 स0 से प्राप्त अल्पसूचित प्रश्न सं0–अ0सू0–25 दिनांक–6.12.12 से संबंधित प्रश्नोत्तर सामग्री।

क्र0	प्रश्न	माननीय मंत्री, आदिवासी कल्याण का उत्तर
1.	क्या यह बात सही है कि आदिवासी मंत्रालय ने ऑन ग्राउन्ड सर्वे के अनुसार कई ऐसे एन0जी0ओ0 को फंड मुहैया कराया गया है जो अर्हत्ताएँ/योग्यता पूरा नहीं करती है;	भारत सरकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय से संबंधित है।
2.	क्या यह बात सही है कि उक्त मंत्रालय के निर्देशों के पालन में राज्य सरकार के अधिकारियों और एन0जी0ओ0 की मिली–भगत से कार्यों के क्रियान्वयन में जान–बुझकर विलम्ब किया जाता है;	एन0जी0ओ0 के आवेदन पर जिला से जाँच प्रतिवेदन एवं अनुशंसा प्राप्त करते हुए राज्य सरकार द्वारा अनुशंसा कर केन्द्र सरकार को प्रस्ताव अनुमोदन हेतु भेजा जाता है। अनुमोदनोपरान्त स्वीकृत राशि केन्द्र सरकार द्वारा संबंधित एन0जी0ओ0 को सीधे उपलब्ध कराया जाता है।
3.	क्या यह बात सही है कि मंत्रालय द्वारा राज्य सरकार के माध्यम से एन0जी0ओ0 को आदिवासियों के कल्याण हेतु प्रतिवर्ष 25 लाख से 5 करोड़ रूपया की राशि दी जाती है;	उपर्युक्त कंडिका–2 में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है।
4.	यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार अर्हत्ताएँ पूर्ण न करने वाले एन0जी0ओ0 को काली सूची में डालने और दिये गये कार्यों की जाँच करते हुए आदिवासियों के कल्याणार्थ राशि के दुरूपयोग में लिप्त पदाधिकारियों के विरूद्ध कानूनी कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	अनुशंसा पूर्व जिला से संबंधित उपायुक्त का जाँच प्रतिवेदन एवं अनुशंसा प्राप्त कर ही राज्य स्तरीय स्क्रीनिंग समिति में समीक्षोपरान्त अनुशंसा भारत सरकार को भेजी जाती है। भारत सरकार द्वारा संस्थाओं का चयन स्थापित अर्हत्ताओं को ध्यान में रखते हुए ही किया जाता है।

झारखण्ड सरकार

कल्याण विभाग

ज्ञापांक–1/वि0 स0 प्र0 (अ0 सू0)–30–046/2012 2790 राँची, दिनांक–04/12/12/

प्रतिलिपि :– 200 अतिरिक्त प्रतियों के साथ अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय को उनके ज्ञाप सं0–**3483** दिनांक–**30.11.2012** के प्रसंग में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

(नसीम खान)
सरकार के उप सचिव।

D:\2012-13\Vidhansabha Prashan\Vidhan Sabha Format.doc

(74)

श्री चन्द्रिका महथा, माननीय स0वि0स0 द्वारा दिनांक–06.12.2012 को पूछा जानेवाला अल्पसूचित प्रश्न सं० – 13 का प्रश्नोत्तर

क्रम	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि गिरिडीह जिला के जमुआ प्रखण्ड स्थित धर्मपुर पंचयात अन्तर्गत जमालटांड ग्राम में अवैधानिक तौर पर आंगनबाड़ी केन्द्र एवं सेविका का चयन विभाग द्वारा किया गया है।	उत्तर अस्वीकारात्मक है। जमालटांड, ग्राम धर्मपुर का एक टोला है। यहाँ की आबादी करीब 500 है। ग्राम धर्मपुर के कुछ भाग को मिलाकर आंगनबाड़ी केन्द्र जमालटांड का गठन किया गया है। विभाग से केन्द्र की स्वीकृति मिलने के बाद यहाँ आंगनबाड़ी के द्वारा सेविका चयन किया गया है। आंगनबाड़ी केन्द्र का गठन एवं सेविका का चयन वैधानिक तरीके से किया गया है।
2	क्या यह बात सही है कि धर्मपुर पंचायत में जमालटांड नामक कोई ग्राम नहीं है तथा इस संबंध में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जमुआ ने भी आपने पत्रांक– 275 दिनांक– 03.09.2010 में यह स्पष्ट किया है।	उत्तर अस्वीकारात्मक है। धर्मपुर पंचायत मे जमालटांड ग्राम धर्मपुर का एक टोला है। जमीन के खतियान में जमालटांड टोला का नाम है। जमालटांड के नाम से एक उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय भी चलता है। इस संबंध में अंचलाधिकारी, जमुआ का प्रतिवेदन प्राप्त है।
3	यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार वर्णित अवैध आंगनबाड़ी केन्द्र एंव सेविका के चयन को रद्द करने एवं दोषी पदाधिकारी पर कार्रवाई करने को विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नही तो क्यो	उत्तर अस्वीकारात्मक है। आंगनबाड़ी केन्द्र जमालटांड का गठन नियमपूर्वक किया गया है। दिनांक– 28.07.2010 को आमसभा आयोजित कर सेविका का चयन किया गया है। केन्द्र जमालटांड का गठन स्वीकृति एवं सेविका का चयन नियमपूर्वक किया गया है।

झारखण्ड सरकार
समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग

झारखण्ड मंत्रालय, प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा, राँची – 834 004

ज्ञापांक – स० क०/वि0स0 अ0सु0 प्र0 – 357/2012– 1997 राँची, दिनांक :04.12.2012

प्रतिलिपि :–अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची को उनके ज्ञाप सं०–3425 वि०स० दिनांक – 29.11.2012 के आलोक में 200 प्रतियों में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4/12/12

(कंचन अंजली मुण्डू)
सरकार के उप सचिव

75

झारखण्ड सरकार
खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग

दिनांक 06.12.2012 को पूछा जाने वाला अल्प सूचित प्रश्न संख्या– 34 का उत्तर।

प्रश्नकर्त्ता
श्री निर्भय कुमार शाहाबादी,
स०वि०स०

उत्तरदाता
श्री मथुरा प्रसाद महतो
मंत्री, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड।

प्रश्न	उत्तर
(1) क्या यह बात सही है कि गिरिडीह विधान–सभा क्षेत्र के बी०पी०एल० एवं ए०पी०एल० कार्डधारियों को विगत 02 (दो) वर्षों से खाद्य सामग्रियों के साथ–साथ किरासन तेल की आपूर्ति अनियमित ढंग से की जा रही है;	(1) – गिरिडीह जिला में बी०पी०एल० कार्डधारियों को नियमित रूप से खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। ए०पी०एल० परिवारों को भी नियमित रूप से खाद्यान्न वितरण करने का निदेश विभाग द्वारा निर्गत किये गये हैं। जिला में किरासन तेल का वितरण नियमित रूप से किया जाता है।
(2) क्या यह बात सही है कि उक्त क्षेत्र के लोगों द्वारा संबंधित पदाधिकारियों से अनेक बार शिकायत के बावजूद जन वितरण प्रणाली की दुकानों में समय पर खाद्य सामग्री एवं किरासन तेल उपलब्ध नहीं कराई जाती है, जिससे लोगों को काफी परेशानी होती है;	(2) शिकायत प्राप्त होने की सूचना नहीं है।
(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मामले की जाँच कराकर संबंधित पदाधिकारी पर कर्रवाई करते हुये खण्ड (i) में वर्णित क्षेत्र में समय पर बी०पी०एल० एवं ए०पी०एल० कार्डधारियों को खाद्य सामग्री एवं किरासन तेल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	(3) स्थिति उक्त उतर 1 में स्पष्ट की गई है।

ज्ञापांक :– प्र0–1/वि0स0/95/2012 3751 /राँची, दिनांक 4.12.2012

प्रतिलिपि – अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा के कार्यालय ज्ञापांक 3474, वि0स0, दिनांक 30.11.2012 के संदर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4/12/2012

सरकार के उप सचिव।

D:\Drive - F\vikash kumar 2012-13\Bidhan Sabha 2012-13\New Microsoft Word Document.doc55

76

श्री अमित कुमार यादव, स0 वि0 स0 द्वारा दिनांक 06.12.2012 को पूछा जाने वाला अल्प सूचित प्रश्न संख्या– 12 के संबंध में।

क्रमांक	प्रश्न	उत्तर
1	क्या यह बात सही है कि हजारीबाग जिलान्तर्गत सदर अस्पताल, हजारीबाग , प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बरकटठा, ईचाक तथा कोडरमा जिलान्र्तगत सदर अस्पताल, कोडरमा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, जयनगर में एंटी रेविज बैक्सीन उपलब्ध नहीं है ;	अस्वीकारात्मक। सम्प्रति इन अस्पतालों / स्वास्थ्य केन्द्रों में एंटी रेविज बैक्सीन उपलब्ध है।
2	क्या यह बात सही है कि उपरोक्त अस्पतालों तथा स्वास्थ्य केन्द्रों में एंटी रेविज बैक्सीन उपलब्ध नहीं रहने के कारण हजारो गरीब मरीजों का ईलाज नहीं हो पा रहा है ;	अस्वीकारात्मक। संबंधित अस्पतालों/ स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों का ईलाज हो रहा है।
3	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार व्यापक लोकहित में उपर्युक्त केन्द्रों में अविलम्ब एंटी रेविज बैक्सीन दवा उपलब्ध कराना चाहती है, हॉ तो कब तक, नहीं तो क्यों ?	उपरोक्त खण्डों में स्थिति स्पष्ट कर दी गई है।

झारखण्ड सरकार

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

ज्ञापांक: 7 /बजट–(वि0 स0)–06/2012 305(7) /स्वा0,रॉंची,दिनांक– 05/12/2012

प्रतिलिपि: अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय को उनके ज्ञाप संख्या– 3352 दिनांक 28.11.2012 के प्रसंग में सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

05/12/12

सरकार के संयुक्त सचिव

77

दिनांक– 06.12.2012

श्री राम दास सोरेन, माननीय सदस्य विधान सभा द्वारा पूछा जाने वाला अल्पसूचित प्रश्न संख्या–अ0सू0–35 का प्रश्नोत्तर।

प्रश्नकर्त्ता	उत्तरदाता
श्री राम दास सोरेन, माननीय स0वि0स0	श्री हाजी हुसैन अंसारी, माननीय मंत्री, सहकारिता तथा कल्याण (आदिवासी कल्याण रहित) विभाग, झारखण्ड, राँची

प्रश्न	उत्तर
क्या मंत्री, सहकारिता विभाग यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :–	
1. क्या यह बात सही है कि पूर्वी सिंहभूम जिलान्तर्गत घाटशिला विधान सभा क्षेत्र के मुसाबनी प्रखण्ड के मुसाबनी माईन्स कर्मचारी सहयोग शाखा समिति लिमिटेड का अंकेक्षण शुल्क वर्ष 2011–12 तक का बकाया कुल– 1,82,330.88 रूपये राज्य सरकार को देय है ;	स्वीकारात्मक है।
2. क्या यह बात सही है कि खण्ड–(I) में वर्णित समिति का फेडरेशन लेवी वर्ष 2011–12 तक का बकाया कुल– 3,41,269.00 रू0 झारखण्ड राज्य सहकारिता संघ को देय है;	स्वीकारात्मक है।
3. क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011–12 का अंकेक्षण रिपोर्ट के अनुसार खण्ड–(I) एवं (II) का बकाया जमा नहीं होने से सरकार को करोड़ों रूपयों के राजस्व की हानि हो रही है;	अस्वीकारात्मक है।
4. यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार खण्ड–(I) में वर्णित समिति के पदाधिकारी पर कार्रवाई करते हुए बकाया राशि की वसूली करने का विचार रखती है, हॉ तो कब तक नहीं तो क्यों ?	वसूली की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

झारखण्ड सरकार
सहकारिता विभाग

ज्ञापांक– विधान मण्डलीय–05–37/2012सह0 3343 /राँची, दिनांक– 05/12/2012

प्रतिलिपिः– सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, राँची/अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा सचिवालय, राँची के ज्ञाप संख्या प्र0 3487 दिनांक 30.11.2012 के क्रम में 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(दिलीप कुमार झा)
सरकार के उप सचिव।

Vidhan Sabha

(78)

श्री साईमन मराडी, स० वि० स०, झारखण्ड विधान सभा द्वारा दिनांक 06.12.2012
को पूछा जाने वाला अल्प सूचित प्रश्न संख्या–सं–21 के संबंध में।

क्रं०	प्रश्नकर्त्ता– श्री साईमन मराडी, स० वि० स०	उत्तरदाता– श्री हेमलाल मुर्मू मंत्री स्वा० चि० शि० एवं प० क० विभाग
1	क्या यह बात सही है कि पाकुड जिला में भव्य स्वास्थ्य केन्द्रों एवं उपकेन्द्रों का निर्माण हुआ है।	स्वीकारात्मक।
2	क्या यह सही बात है कि इन केन्द्रों पर दवाओं एवं डॉक्टरों का धोर अभाव है, जिसके कारण जिले के रोगियों को जिले से बाहर अन्य चिकित्सालयों में अपना इलाज कराने जाना पड़ता है।	आंशिक रूप से स्वीकारात्मक। पाकुड़ जिला में अस्पतालों में दवा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है एवं चालु वित्तिय वर्ष में दवा क्रय हेतु आवंटन जारी किया गया है। पाकुड़ जिला में चिकित्सकों के कुल स्वीकृत पद 47 है जिसके विरूद्ध 36 चिकित्सक पदस्थापित है। इसमें से 12 लोग अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित है तथा एक निलंबित है। 11 पद रिक्त है। चिकित्सक की उपलब्धता के आधार पर पदस्थापन किया जाता है।
3	यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या क्या सरकार इन केन्द्रों पर डॉक्टरों एवं दवाओं की उपलब्धता राने की विचार रखती है, यदि हॉ तो कब तक, नही तो क्यों ?	स्थिति उपर स्पष्ट की गई है।

झारखंड सरकार
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग

ज्ञाप सं० : 3/3 वि०स०–03–48/12 675(3) राँची, दिनांक– 5/12/12

प्रतिलिपि : अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, झारखण्ड, राँची को उनके ज्ञाप संख्या प्र० 3478 दिनांक 30.11.12 के क्रम में सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०
5/12

सरकार के उप सचिव

79

श्री प्रदीप यादव, माननीय सदस्य, झारखंड विधान सभा द्वारा दिनांक 06.12.12 को झारखंड विधान सभा में पूछे जानेवाला अल्प-सूचित प्रश्न संख्या-31 का प्रश्नोत्तर।

उत्तरदाता- माननीय मंत्री, कृषि एवं गन्ना विकास विभाग, झारखंड, रांची।

क्या मंत्री कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

क. सं.	प्रश्न	प्रश्नोत्तर
1	क्या यह बात सही है कि देवघर कृषि उत्पादन बाजार समिति को कृषि उपज बाजार (संशोधन विधेयक 2007) की अधिसूचित कॉपी-2010 के अक्टूबर माह में प्राप्त हुआ है?	अस्वीकारात्मक है। झारखंड राज्य कृषि उपज बाजार अधिनियम (संशोधित) विधयक, 2007 की प्रति झारखंड राज्य कृषि विपणन पर्षद के पत्रांक 1687 दिनांक 10.10.09 के माध्यम से सभी पणन सचिवों को निर्गत किया गया है, जिसके अनुपालन में बाजार समिति, देवघर ने अपने ज्ञापांक 1396 दिनांक 19.10.09 के द्वारा 2 प्रतिशत की दर से बाजार शुल्क जमा करने हेतु सूचना निर्गत किया है।
2	क्या यह बात सही है कि इसके पूर्व वहाँ के व्यवसायियों एवं व्यापारियों द्वारा 1 प्रतिशत की दर से बाजार शुल्क नियमित रूप से अदायगी की जा रही थी?	स्वीकारात्मक है। झारखंड राज्य कृषि उपज बाजार अधिनियम (संशोधित) विधयक, 2007 की अधिसूचना राजकीय गजट में प्रकाशित होने की तिथि 06.12.08 से 2 प्रतिशत की दर से बाजार शुल्क देय है।
	यह बात सही है कि दि0-16.12.08 से 31.03.10 तक के पूर्व का अतिरिक्त 1 प्रतिशत बाजार शुल्क माँग रखना स्थानीय व्यापारियों के लिए अतिरिक्त बोझ नहीं है?	अस्वीकारात्मक है। बाजार शुल्क 2 प्रतिशत राजकीय गजट में प्रकाशित होने की तिथि 06.12.08 से देय है। यह शुल्क नियमानुसार है।
3	अगर अतिरिक्त 1 प्रतिशत बाजार शुल्क नहीं लेने पर पुनर्विचार करना चाहेगी? हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों?	राज्य सरकार के विधि परामर्शी द्वारा Bihar & Orissa General Clause Act 1917 की धारा 6 (1) (a) (ii) के आलोक में दिए गए परामर्श के अनुसार अधिसूचना राजकीय गजट में सर्व साधारण के सूचनार्थ प्रकाशन होने की तिथि दिनांक 06.12.08 से 2 प्रतिशत की दर से बाजार शुल्क देय है।

झारखंड सरकार

कृषि एवं गन्ना विकास विभाग

ज्ञापांक :5/कृ0वि0सभा-30/2012....... 3504 रांची, दिनांक : 04-12-12

प्रतिलिपि : अवर सचिव, झारखंड विधान सभा को उनके ज्ञापांक 3481वि0स0 दिनांक-30.11.12 के प्रसंग में प्रश्नोत्तर की 200 (दो सौ) प्रति के साथ आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4.12.12

(सुलसे बखला)
निदेशक (प्रशासन) कृषि-
सह-संयुक्त सचिव

ज्ञापांक :5/कृ0वि0सभा-30/2012....... 3504 रांची, दिनांक : 04-12-12

प्रतिलिपि : प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग, झारखंड, रांची/मुख्यमंत्री सचिवालय, झारखंड, रांची/मुख्य सचिव कोषांग, झारखंड, रांची/विभागीय माननीय मंत्री, कृषि के आप्त सचिव/सचिव के आप्त सचिव/समन्वय शाखा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

4.12.12

(सुलसे बखला)
निदेशक (प्रशासन) कृषि-
सह-संयुक्त सचिव

80

श्री बन्ना गुप्ता, माननीय स0वि0स0 द्वारा दिनांक–06.12.2012 को पूछा जाने वाला
<u>अल्पसूचित प्रश्न संख्या अ०सू०–19 की उत्तर सामग्री</u>

प्रश्नकर्त्ता श्री बन्ना गुप्ता, माननीय स०वि०स०	उत्तरदाता प्रभारी मंत्री
1. क्या यह बात सही है कि तेनुघाट से सप्लाई न मिलने से गम्हरिया ग्रीड एवं गोलमुरी ग्रीड में बिजली आपूर्ति प्रभावित हो रही है ;	स्वीकारात्मक है। तेनुघाट की दोनों यूनिट चलने पर गम्हरिया ग्रीड एवं गोलमुरी ग्रीड में बिजली आपूर्ति आवश्यकतानुसार की जाती है। तेनुघाट की यूनिट बन्द होने पर विद्युत की उपलब्धता में कमी आ जाती है, जिसके कारण झारखण्ड राज्य के सभी ग्रीड को उपलब्ध विद्युत के आधार पर विद्युत आपूर्ति मुहैया कराई जाती है।
2. क्या यह बात सही है कि गम्हरिया ग्रीड को 90 से 100 मेगावाट बिजली की जरूरत होती है, जबकि विद्युत आपूर्ति मात्र 40 से 50 मेगावाट ही की जा रही है ;	अस्वीकारात्मक। बोर्ड द्वारा गम्हरिया ग्रीड को 90 मेगावाट तक (आवश्यकतानुसार) विद्युत आपूर्ति की जाती है। कभी–कभी विद्युत की उपलब्धता में कमी होने पर गम्हरिया ग्रीड को Grid Discipline maintain करने हेतु Restricted विद्युत आपूर्ति की जाती है।
3. उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार गम्हरिया ग्रीड को आवश्यकतानुसार सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति करने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों ?	गम्हरिया ग्रीड को सुचारू रूप से विद्युत उपलब्ध कराई जाती है। जब बिजली की कमी होती है तो तद्नुकूल गम्हरिया ग्रीड में भी आवश्यकतानुसार बिजली उपलब्ध नहीं हो पाती है।

झारखण्ड सरकार,
<u>ऊर्जा विभाग</u>

ज्ञापांक 3216 /   दिनांक 05-12-2012

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को इसकी अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

04/12/12

सरकार के अवर सचिव

(81)

माननीय स०वि०स०, श्री विदेश सिंह द्वारा दिनांक 06.12.2012 को पूछा जाने वाला अल्पसूचित प्रश्न संख्या–33 का उत्तर प्रतिवेदन

क्र०	प्रश्न	उत्तर
1.	क्या यह बात सही है कि पलामू जिला के पांकी प्रखंड में चाको नदी तथा सोनरे नदी और लेस्लीगंज प्रखंड में पीरी नदी में नहर से पानी का रिसाव हो रहा है एवं जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है, जिससे स्थानीय किसानों को सिंचाई की सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है।	आंशिक स्वीकारात्मक है।
2.	यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार क्षतिग्रस्त नहरों की मरम्मति का कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं तो क्यों ?	उपर्युक्त योजनाओं के नहरों की पुनर्स्थापन कार्य हेतु विभाग द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त करने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

झारखण्ड सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक संख्या– 6/ज०सं०वि०–10–45/2012– 3941 **राँची, दिनांक** 05.12.2012

प्रतिलिपि :– अवर सचिव, झारखण्ड विधान सभा, राँची के ज्ञापांक– 3482 दिनांक 30.11.2012 के क्रम में 200 प्रतियों में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

2. मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, मेदिनीनगर/मुख्य अभियंता, योजना, मोनिटरिंग एवं आयोजन, जल संसाधन विभाग, राँची/प्रशाखा पदाधिकारी– 6 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 05/12/12

सरकार के संयुक्त सचिव (अभियंत्रण)
जल संसाधन विभाग, राँची।

(82)

श्री साईमन मराण्डी, माननीय स0वि0स0 द्वारा दिनांक–06.12.2012 को पूछा जाने वाला अल्पसूचित प्रश्न संख्या अ०सू०–22 की उत्तर सामग्री

प्रश्नकर्त्ता श्री साईमन मराण्डी, माननीय स०वि०स०	उत्तरदाता प्रभारी मंत्री
1. क्या यह बात सही है कि दुमका जिले के गोपीकान्दर प्रखण्ड के खरौनी बजार पंचायत का कारूडीह ग्राम आदिवासी बाहुल्य ग्राम है;	स्वीकारात्मक।
2. क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम में बिजली आपूर्ति हेतु खराब ट्रान्सफरमर 2008 में लगा दिया गया है;	कारूडीह ग्राम का विद्युतीकरण राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण के तहत् एन०टी०पी०सी० द्वारा वर्ष 2009–10 में किया गया है। उक्त ग्राम में दो ट्रांसफार्मर लगाया गया है, जिसमें से एक जल गया है।
3. क्या यह बात सही है कि उक्त ग्राम में आज तक बिजली आपूर्ति नहीं की गई ;	अस्वीकारात्मक। उक्त ग्राम में विद्युतीकरण हेतु दो ट्रांसफार्मर लगाया गया, जिसमें एक जल गया है तथा दूसरा कार्यरत है, जिससे आंशिक विद्युत आपूर्ति हो रही है।
4. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार आदिवासी के हितों की अवहेलना करने वाले पदाधिकारियों पर कार्रवाई करना चाहती है, हाँ तो कब तक नहीं तो क्यों?	अस्वीकारात्मक। राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण के तहत् विद्युतीकृत गॉवों में चूँकि बी0पी0एल0 परिवारों की लोड आवश्यकता के अनुरूप ट्रांसफार्मर लगाये गये एवं गॉव की कुल आबादी एवं आवश्यक लोड के अनुरूप उचित क्षमता वाले ट्रांसफार्मर न लगने के कारणवश काफी बड़ी मात्रा में ट्रांसफार्मर जलने की घटनायें हो रही है। अतएव इस पृष्ठभूमि में सभी गॉवों का वर्तमान एवं अगले पॉच वर्षो तक बढ़ने वाले लोड एवं उसके अनुरूप ट्रांसफार्मर एवं अन्य संरचनाओं का आकलन करने के लिए प्रत्येक एरिया बोर्ड हेतु एक–एक परामर्शी नियुक्त करने की प्रकिया अंतिम चरण में है। उक्त परामर्शियों द्वारा अगले 4 से 6 माह में डी0पी0आर0 बनाने की कार्रवाई की जायगी, जिसके आधार पर सम्पूर्ण राज्य में व्यापक रूप से ग्रामीण विद्युतीकरण के कार्यो को पुनः सम्पादित करने की कार्रवाई की जायेगी। उक्त परिस्थिति में किसी पदाधिकारी पर कार्रवाई का औचित्य नहीं है।

झारखण्ड सरकार,

ऊर्जा विभाग

ज्ञापांक 3208 / दिनांक 05-12-2012

प्रतिलिपिः— अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को इसकी अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

04/12/12

सरकार के अवर सचिव

(83)

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, माननीया स०वि०स० द्वारा दिनांक–06.12.2012 को पूछा जाने वाला अल्पसूचित प्रश्न संख्या अ०सू०–06 की उत्तर सामग्री

प्रश्नकर्त्ता श्रीमती अन्नपूर्णा देवी, माननीया स०वि०स०	उत्तरदाता प्रभारी मंत्री
1. क्या यह बात सही है कि राजीव गाँधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत बी०पी०एल० परिवारों को 18.92 लाख विद्युत संयोजन दिये जानेवाले लक्ष्य के विरूद्ध मार्च, 2011 तक मात्र 11.44 लाख विद्युत संयोजन प्रदान किया गया, जबकि इसमें भी मात्र 6.31 लाख विद्युत संयोजन को ही ऊर्जान्वित किया गया ;	आंशिक स्वीकारात्मक है। राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के तहत् लक्षित कुल 1604904 अदद् बी०पी०एल० परिवार को विद्युत संबंध दिये जाने है, जिनमें कुल 1287849 अदद् विद्युत संबंध दिये गये हैं एवं 959620 अदद् ऊर्जान्वित किया जा चुका है।
2. यदि उपर्युक्त प्रश्न खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार लक्षित सभी बी०पी०एल० परिवारों को विद्युत संयोजन देने एवं ऊर्जान्वित करने का विचार रखती है, यदि हाँ तो कब तक, नहीं तो क्यों?	आर०ई०सी० द्वारा समय विस्तार की स्वीकृति दिसम्बर 2012 तक मिल चुकी है। दिसम्बर 2012 तक शेष बचे हुए कार्य को कर लेने का लक्ष्य है।

झारखण्ड सरकार,
ऊर्जा विभाग

ज्ञापांक 3222 / दिनांक 05-12-2012

प्रतिलिपिः– अवर सचिव, झारखण्ड विधानसभा सचिवालय, राँची को इसकी अतिरिक्त 200 प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 05/12/12
सरकार के अवर सचिव

84

श्री दूलू महतो, माननीय सदस्य, झारखंड विधान सभा द्वारा दिनांक 06.12.12 को झारखंड विधान सभा में पूछे जानेवाला अल्प-सूचित प्रश्न संख्या-30 का प्रश्नोत्तर।

उत्तरदाता- माननीय मंत्री, कृषि एवं गन्ना विकास विभाग, झारखंड, रांची।

क्या मंत्री कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

क्र. सं.	प्रश्न	प्रश्नोत्तर
1	क्या यह बात सही है कि आत्मा (ATMA) के तहत् पूरे राज्य में लगभग 17000 एवं धनबाद जिले में 569 कृषक मित्र कार्य कर रहे हैं?	आत्मा कार्यक्रम के तहत पूरे राज्य में 14524 एवं धनबाद जिले में 456 कृषक मित्र कार्य कर रहे हैं।
2	क्या यह बात सही है कि इन कृषक मित्रों द्वारा कृषि संबंधित सभी कार्य का निष्पादन कराया जाता है, जो एक जनसेवक के समकक्ष है?	कृषक मित्रों से आत्मा से संबंधित कार्य के निष्पादन में सहयोग ली जाती है, परन्तु यह सही नहीं है कि कृषक मित्र को जनसेवक के समकक्ष घोषित किया गया है। जनसेवक का पद सरकार द्वारा स्वीकृत है, जबकि कृषक मित्र के रुप में स्वेच्छा से इच्छुक कृषकों को चयनित किया गया है।
